# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–03 मार्च 2025** **सान्ध्य समाचार**

आज पूरे देश में वन्यजीव दिवस मनाया जा रहा है। यह दिन वन्य जीवों और पौधों के संरक्षण के लिए मनाया जाता है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी लोगों से अविश्वसनीय जैव विविधता की रक्षा और संरक्षण के लिए प्रतिबद्धता दोहराने का आग्रह किया है। उन्होंने वन्यजीवों के संरक्षण में भारत के योगदान पर भी गर्व व्यक्त किया।

**इंडिया इज ए कंट्री वेयर प्रोटेक्टिंग नेचर इज ए पार्ट ऑफ कल्चर, दिस इज वाई, इट हैज मेनी यूनिक एचीवमेंट्स इन वाइल्ड लाइफ कंर्जवेशन। वाइल्ड लाइफ का संरक्षण किसी एक देश का नहीं बल्कि एक यूनिवर्शल इशू है। इसके लिए इंटरनेशनल एलांइस समय की जरूरत है।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के जूनागढ़ जिले के सासन गिर में आज हुई राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की सातवीं बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने वर्चुअल माध्यम से जूनागढ़ में वन्यजीवों के लिए राष्ट्रीय रेफरल केंद्र की आधारशिला रखी और सोलहवीं एशियाई शेरों की जनगणना दो हजार पचीस का भी शुभारंभ किया।

**********

सर्वोच्च न्यायालय ने आज एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि दृष्टिबाधित लोगों को न्यायिक सेवाओं में रोजगार के अवसर से वंचित नहीं किया जा सकता है। न्यायाधीश जे बी पारदीवाला और आर. महादेवन की एक पीठ ने छह याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रखा था। फैसले की घोषणा करते हुए, न्यायाधीश महादेवन ने कहा कि दृष्टिबाधित व्यक्तियों के साथ न्यायिक सेवाओं में भर्ती के मामले में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए।

**********

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज प्रदेश के मथुरा जिले के वृंदावन धाम पहुंचे। उन्होंने बांके बिहारी और यमुना माता का दर्शन पूजन किया। उन्होंने विभिन्न मंदिरों और आश्रमों में दर्शन और पूजा पाठ के दौरान देश की तरक्की और खुशहाली की कामना भी की।

**बांके बिहारी के दर्शन से, जमुना के नदी के पूजन से और फिर श्रीनाथ जी भगवान के दर्शन से, गोवर्धन जी की परिक्रमा से, यह यात्रा अद्भुत है, आध्यात्मिक है और इस यात्रा से आध्यात्मिक उर्जा मिलती है।**

लोकसभा अध्यक्ष प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर हैं।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आईआईएम और भारतीय डाक सेवा के अधिकारियों के साथ लखनऊ में प्रयागराज महाकुंभ संबंधी कार्यक्रम में आज हिस्सा लिया। महाकुंभ के सफल आयोजन द्वारा राष्ट्र निर्माण विषय पर हुए इस कार्यक्रम को मुख्यमंत्री ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इतना बड़ा आयोजन तब सफल होगा जब सुरक्षा की बेहतर व्यवस्था हो। प्रत्येक व्यक्ति के मन में हम विश्वास पैदा कर सकें कि पुलिस हमारी रक्षा कर सकती है। इस बारे में पुलिस को चार महीने तक काउसिलिंग दी गई थी।

**********

राज्यपाल आनंदी बेन पटेल आज गोरखपुर दौरे पर पहुंचीं। उन्होंने पंडित दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्विद्यालय के हीरक जयंती समारोह में बतौर कुलाधिपति प्रतिभाग किया। इस मौके पर उन्होंने आठ मार्च को मनाए जाने वाले अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस का उल्लेख करते हुए कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में काम कर रही हैं। कॉलेज में बेटियों की संख्या कहीं ज्यादा है। उन्होंने कहा कि अन्य देशों की तुलना में भारत में महिलाओं की स्थिति काफी अच्छी है। कुलाधिपति ने विश्वविद्यालय की पत्रिका प्रवाह का विमोचन भी किया। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया। साथ ही एक सौ सड़सठ किलोमीटर की साईकिल यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। राज्यपाल ने इस मौके पर सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण अभियान का भी शुभारंभ किया।

**********

उत्तर प्रदेश विधान सभा के बजट सत्र के दौरान उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने आज विधानसभा में कहा कि प्रदेश की जनता को ह्यूमन मेटाप्न्यूमो वायरस–एचएमपीवी को लेकर चिंतित होने की जरूरत नहीं है। प्रश्नकाल के दौरान उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस संबंध में बैठक करके सारी व्यवस्थाओं को लेकर जानकारी ली और दिशा निर्देश भी दिए। प्रदेश के सभी जिलों में इस बीमारी के इलाज के पुख्ता इंतजाम हैं। जरूरत पड़ी तो प्रदेश के सभी जिलों में लैब की व्यवस्था भी की जाएगी। एक अन्य प्रश्न के जवाब में स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश में चिकित्सकों से कोई बदसलूकी या  अभद्रता करता है तो उसके खिलाफ हमारी सरकार सख्त कार्रवाई करेगी।

**********

भारत सरकार के खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने आज लखनऊ में प्रदेश के चार सौ चालीस कारीगरों के बीच सात सौ दस मशीनरी और टूल किट वितरित किया। इस मौके पर आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि खादी ग्रामोद्योग की बिक्री पिछले दस वर्षों में तीस हजार करोड़ रुपये से बढ़ कर छप्पन हजार करोड़ रुपये हो गई है।

**********

राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में कुशीनगर जिले ने प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। दो सौ चौवन सीट के सापेक्ष लागातर दूसरे वर्ष भी कुशीनगर ने इस परीक्षा में शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. रामजियावन मौर्य ने बताया कि चयनित हुए सभी छात्र छात्राओं को कक्षा नौ से बारह तक एक हजार रुपए प्रति माह की छात्रवृत्ति मिलेगी।

**********

मौसम विज्ञान विभाग ने आने वाले दिनों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार इस सप्ताह मौसम शुष्क रहेगा, हांलाकि पांच और छह मार्च को बीस से तीस किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज सतही हवाएं भी चलेंगी।

**********